भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 652

9 दिसम्बर, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष उपचार को बढ़ावा देना

652. डॉ. सुजय विखे पाटील:
डॉ. हिना विजयकुमार गावीतः
श्री कृष्णपालसिंह यादवः
प्रो. रीता बहुगुणा जोशीः
डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदेः

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार के पास स्वास्थ्य पर्यटन के माध्यम से आयुष उपचार को बढ़ावा देने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या देश में इस तरह के उपचार हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा व्यापक रूप से सामान्य जन को ऐसी सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): जी हां।

(ख): आयुष मंत्रालय ने चिकित्सा महत्व की यात्रा के लिए चैंपियन सेवा क्षेत्र योजना नामक केंद्रीय क्षेत्र योजना विकसित की है। इस योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) अधिनियम, 2020 अथवा राष्ट्रीय होम्योपैथी आयोग (एनसीएच) अधिनियम, 2020 के अंतर्गत मान्यता प्राप्त चिकित्सा पद्धतियों के सुपर स्पेश्यलिटी अस्पतालों/डे केयर केंद्रों की स्थापना के लिए निजी निवेशकों को ब्याज सब्सिडी के रूप में वित्तीय सहायता दी गई है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार और आयुष मंत्रालय चिकित्सा महत्व की यात्रा को बढ़ावा देने के लिए 'वन स्टेप' हील इन इंडिया पोर्टल विकसित करने के लिए प्रगत संगणन विकास केंद्र और सेवा निर्यात संवर्धन परिषद के साथ कार्य कर रहे हैं।

(ग): जी हां, आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय संस्थानों के देश में आयुष चिकित्सा पद्धतियों के लिए संबद्ध अस्पतालों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार ब्यौरा **संलग्नक** पर है।

(घ): आयुष मंत्रालय भारत में लोगों के बीच आयुष चिकित्सा पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना क्रियान्वित कर रहा है। मिशन में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में आयुष सेवाओं तक बेहतर पहुंच, आयुष शैक्षणिक संस्थानों के सुदृढ़ीकरण की परिकल्पना की गई है।

*****

संलग्नक

संबद्ध अस्पतालों वाले आयुष मंत्रालय के तत्वावधान में राष्ट्रीय संस्थानों की सूची

क्र.सं.	संस्थान के नाम	स्थान	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के नाम
1	आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान	जामनगर	गुजरात
2	राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर	जयपुर	राजस्थान
3	अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान	नई दिल्ली	नई दिल्ली
4	पूर्वोत्तर आयुर्वेद एवं होम्योपैथी संस्थान	शिलांग	मेघालय
5	पूर्वोत्तर लोक चिकित्सा संस्थान	पासीघाट	अरुणाचल प्रदेश
6	राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान	कोलकाता	पश्चिम बंगाल
7	राष्ट्रीय यूनानी चिकित्सा संस्थान	बेंगलुरु	कर्नाटक
8	राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा संस्थान	पुणे	महाराष्ट्र
9	राष्ट्रीय सिद्धा संस्थान	चेन्नई	तमिलनाडु
10	राष्ट्रीय सोवा-रिग्पा संस्थान	लेह	लद्दाख